दिनांक 27.12.2024 समय: 2.10 PM

# आकाशवाणी भोपाल

## दोपहर समाचार

<u>पीएम शोक–मनमोहन सिंह</u>

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में श्रद्धांजलि दी।

एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक ईमानदार, महान अर्थशास्त्री के तौर पर याद किये जाएंगे जिन्होंने अपना पूरा जीवन सुधार के लिए लगा दिया था।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पाजंलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व वित्त मंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह का हमारे बीच से चले जाना, अत्यंत कष्टकारी है।

पूर्व प्रधानमंत्री का पार्थिव शरीर कल राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस मुख्यालय पर लाया जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे पाएंगे। उनका अंतिम संस्कार भी कल किए जाने की संभावना है।

भोपाल विज्ञान मेला

11वां भोपाल विज्ञान मेला आज से 30 दिसंबर तक जंबूरी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस चार दिवसीय मेले में विभिन्न कार्यक्रमों, संवाद सत्रों, वर्कशॉप और विशेषज्ञ व्याख्यानों से विज्ञान के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ावा दिया जाएगा। विज्ञान मेले का केंद्रीय विषय "विकसित भारत 2047, का आधारः विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार" है।

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व गणना

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फेस–44 की गणना की जा रही है। इसमें टाइगर रिजर्व के 9 परिक्षेत्रों में 640 स्थानों पर 1200 से अधिक ट्रैप कैमरे लगाये गये हैं। गणना के बाद आँकड़ों को एकत्रित कर वाइल्ड–लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून भेजा जायेगा। इससे नये वन्य–प्राणियों की पहचान की जाती है। गणना में बाघ, तेंदुआ और पक्षियों के मूवमेंट, टेरिटरी की भी जानकारी प्राप्त हो जाती है। वन्य–प्राणियों की गणना का उद्देश्य वन्य–प्राणियों के संभावित आँकड़े प्राप्त करना है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगभग 165 से अधिक बाघ और 130 से अधिक तेंदुआ हैं।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विछोभ और चक्रवाती परिसंचरण सिस्टम की वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य में आज और कल ओले, बारिश और आंधी का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। इस दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और जबलपुर संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो जाएगा। फिर तापमान में गिरावट होगी और कोहरा भी छाएगा। नए साल पर लोगों को कड़ाके की ठंड के दौर से गुजरना पड़ सकता है। इसके बाद पूरे एक महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है। बुरहानपुर में मौसम में लगातार फेरबदल हो रहा है। मौसम विभाग द्वारा बुरहानपुर में आज बारिश की संभावना जताई जा रही है।

महिला क्रिकेट

भारत और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीमों के बीच वडोदरा में खेले जा रहे आईसीसी चैंपियनशिप श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मैच में ताज़ा समाचार मिलने तक वेस्टइंडीज़ के 163 रनों के जवाब में भारत ने 4 विकेट के नुकसान पर 108 रन बना लिए हैं।

भारत ने पहले दो मैच जीतकर श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

## समाचार संक्षेप में...

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक के चलते आज सिवनी और गुना जिलों में प्रस्तावित स्वामित्व योजना का हितलाभ वितरण कार्यक्रम स्थगित हो गया हैं।
- आगरमालवा जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच के लिये पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में सात दिवसीय पचमढ़ी महोत्सव का कल शाम आगाज़ हो गया। महोत्सव में साहसिक गतिविधियों से लेकर प्रदेश की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।
- शिवपुरी के शासकीय आईटीआई में कल स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला का आयोजन किया गया।
- बुरहानपुर में जिला परिवहन विभाग द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय कॉलेज में गुरुवार को लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर लगाया गया।
- सतना जिले में 21वीं पशु संगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके द्वारा भविष्य में शासन द्वारा पशुपालन संबंधी विभिन्न योजनायें बनाई जाएगी।
- शहडोल के कल्याणपुर में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार फिर शुरु होगी।

---------------------